

## हिंगलाज माता मंदिर पर हुआ पूजन और भंडारा



**खेतिया।** नगर स्थित देवी हिंगलाज माता मंदिर पर इस वर्ष भी मंदिर परिसर गली की महिलाओं व बंधुओं एवं भावसार बंधुओ के संयुक्त सहयोग महापूजन कर महा प्रसादी व भंडारा प्रसादी वितरण किया गया। जिसमें कन्या भोज भी आयोजित किया गया। महाराष्ट्र स्थित खेडदिगर आश्राम के 500 छात्र–छात्रों को भी विशेष रूप से भोजन प्रसादी के लिए आंमत्रित किया गया था। मंदिर परिसर वासी, गली वासी, भावसार समाज खेतिया व पानसेमल, खेतिया नगर के सभी भक्तगण हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी का लाभ लिया व हिंगलाज माता के जयकारे लगाए।

## मंगल वर्षायोग चातुर्मास स्थापना आज



**बड़वानी।** विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन तीर्थ सिद्ध क्षेत्र चुलगिरी बावनगजा पर अंकलीकर परम्परा के चतुर्थ पट्टाचार्य सुनील सागर जी महा मुनिराज की शिष्या आर्यिका आगम मति जी माताजी का मंगल वर्षायोग चातुर्मास बुधवार दोपहर 3 बजे से रखा गया है। ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद दोशी और ट्रस्ट सदस्यों ने निमाड़, मालवा और देश भर के मुनि भक्तों से अपील की है कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें। यह क्षेत्र कई मुनियों की मोक्ष स्थली है और कई तपस्वी साधू–संतों ने कठौर तपस्या कर अपने जीवन को मोक्ष मार्ग की तरफ बढ़ाया है। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी मनीष जैन ने बताया कि अभी अष्टानिका पर्व चल रहा है और माताजी का छठा उपवास है और माताजी 8 उपवास करेंगी।

## प्रथम, द्वितीय और तृतीय ताजिये हुए पुरस्कृत



**बड़वानी।** मोहर्रम की 10वीं तारीख पर कई आयोजन हुए। वहीं दूसरी ओर शहर के नवाबगंज चौराहा व देवीसिंग मार्ग पर 1 से 10 तारीख तक दूध कोल्ड्रिंक, बादाम शेक, आईस्क्रीम, चाय और नाश्ते का वितरण किया गया। रविवार की रात्रि में ताजियेदारों और अखाड़ों की हौसला अफजाई के लिए नवाबगंज मोहर्रम कमेटी द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी रखा गया। इस दौरान मंच पर जाने–माने कार्टूनिस्ट इस्माईल लहरी, खरगोन के समाजसेवी अजीजुद्दीन शेख, रिटायर्ड सीएमएचओ एवं समाजसेवी डॉ अब्दुल रशीद पटेल, सुन्नत मुस्लिम जमाअत व दारूल कजात सदर अब्दुल कदीर पटेल, विधायक राजन मंडलोई, जिला कांग्रेस सेवादल सचिव असलम जोए, एडवोकेट कय्युम कुरेशी उपस्थित थे। नवाबगंज मोहर्रम कमेटी के सदस्यों ने बताया कि आकर्षक मुमताज कांच वाले, जाकीर, शाकीर तथा युसुफ बाबा के ताजिये को सद्दाम की ओर शील्ड दी गई। इस दौरान नवाबगंज मोहर्रम कमेटी के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## पारिवारिक विवाद में महिला और बेटी से मारपीट

इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया. विवाद के दौरान एक महिला, उसकी बेटी और जेठ के साथ मारपीट की गई और उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया. पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है. घटना स्कीम नंबर 71 स्थित प्रमीला अस्पताल के पास हुई. फरियादी सरिता खरे निवासी हरिजन कॉलोनी, भंवरकुआं रोड ने शिकायत में बताया कि वह अपनी बेटी पलक के साथ अस्पताल गई थी, जहां आरोपी विक्की करोसिया, उसकी पत्नी विशाखा और लक्ष्मी चौहान से बातचीत हो रही थी. इस दौरान बात बिगड़ गई और विक्की गुस्से में चिल्लाने लगा कि उस पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं. फरियादी ने पुलिस को यह भी बताया कि तीनों आरोपियों ने उसे और उसकी बेटी को गालियां देते हुए लात–घूंसे मारे, जिससे दोनों को चोटें आईं. झगड़े में सरिता के जेठ के साथ भी मारपीट की गई और उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया. द्वारकापुरी थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, धमकी और अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. मामले की जांच की जा रही है और सभी पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं.

## रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट की नई कार्यकारिणी

महू. रोटरी इंटरनेशनल की डिस्ट्रिक्ट 3040 के अंतर्गत रोटरी क्लब महू कैंट की सत्र 2025 – 26 हेतु नवीन कार्यकारिणी का गठन महू में आयोजित साधारण सभा में किया गया. साधारण सभा में रोटेरियन की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ ।वर्ष 2025–26 के लिए रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट के नवागत अध्यक्ष राजेश पाटीदार ,उपाध्यक्ष रविन्द्र माहेश्वरी एवं सचिव अंबर सोनी , सचेतक विशाल शर्मा,कोषाध्यक्ष विष्णु चौहान, इंटरनेशनल सर्विसेज डायरेक्टर मनीष पांडे, क्लब सर्विसेज डायरेक्टर मुकेश शर्मा,रोटरी फेलोशिप डायरेक्टर कन्हैया चौहान, वोकेशनल अवार्ड डायरेक्टर विपुल चतुर्वेदी, पल्स पोलियो सर्विसेज डायरेक्टर राकेश कनोजिया,यूथ सर्विसेज डायरेक्टर सरदार मालवीय, फेलोशिप सर्विसेज डायरेक्टर अर्पित शर्मा, मेंबरशिप ग्रोथ डायरेक्टर प्रतीक शिम्पी कम्युनिटी सर्विसेज डायरेक्टर डॉ सुरेश चौहान, इमिजिएट पास्ट प्रेसिडेंट आकाश पाल, पल्स पोलियो और यूथ माह के डायरेक्टर योगेश उपाध्याय, पीआरओ कायद जोहर सदस्यों को नामांकित किया गया. कायद जोहर सर को डिस्ट्रिक्ट 3040 टीम द्वारा कम्युनिटी सर्विस के फोकस एरिया 4 के रीजनल चेयरमैन, आकाश पाल को यूथ सर्विसेज टीम का सदस्य मंडल में नामांकित किया गया. रोटरी के विभिन्न सदस्यों ने इस मीटिंग में अपने वार्षिक कार्यों का निर्धारण किया. संचालन कायद जोहर सर ने किया. आभार प्रदर्शन राजेश पाटीदार ने किया.

# राज्यसभा सांसद ने किया पौधारोपण

### एक पेड़ मां के नाम के अन्तर्गत नगर वन बड़वानी वन परिक्षेत्र में आयोजित हुआ कार्यक्रम




**गड्ढे खोदकर पानी रोके**

- सांसद ने कहा जल संचयन के गड्ढे खोदकर पानी रोके।
- पौधे लगाने के लिए आरक्षित रखा जाएगा स्थल।

**बड़वानी, ( नवभारत )।** नगर वन बड़वानी वन परिक्षेत्र में राज्यससभा सांसद डॉ सुमेर सिंह सोलंकी ने एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत बरगद के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम में कन्या महाविद्यलाय की छात्रा, मावि बंधान के छात्र व वनमंडलाधिकारी आशिष बनसोड़, उप वनमण्डिलाधिकारी बाबुलाल मुवेल, वन परिक्षेत्र अधिकारी गुलाबसिंह बर्डे उपस्थित थे।

राज्यसभा सांसद डॉ सोलंकी ने बताया कि नागरिकों को अपने जीवन में अनेकों पेड़ लगाने चाहिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरूआत की थी। उन्होंने बताया कि जल संर्वधन मे वर्षा के जल को जगह–जगह पर जल संचयन के गड्ढे खोद कर पानी को रोके और सम्पूर्ण वर्षा के जल को जमीन के अंदर संचयन करने की कोशिश करें, ट्यूबवेल का पानी 500 से 600 फीट तक निकलता है। जमीन में वर्षा के जल को संग्रहित नहीं किए तो जलस्तर और भी नीचे चला जाएगा। इसलिए वर्षा के जल को रोके ताकि भावी पीढ़ी को जल की समस्या से सामना न करना पड़े।

वनमण्डल अधिकारी ने राज्यसभा सांसद से कहा कि नगर वन में जन्मदिन पर जन्मोत्सव वन व प्रियजनों की याद में पौधे लगाने के लिए स्मृति वन के लिए स्थल को आरक्षित रखा जाएगा। इस दौरान राजेन्द्र बामनिया, दीपक सोलंकी, शांतिलाल हम्बड़, प्रेमसिंह भाबर, जितेन्द्र निगवाल, मुकेश सोलंकी, चंचला ठाकुर तथा महाविद्यालय प्राचार्या सविता भदोरिया के सहयोग से रेखा बिसन खेल अधिकारी, सुनिता भायल रासेयो प्रभारी उपस्थित थे।

## सहायता स्वीकृत

**बड़वानी।** कलेक्टर ने 9 अप्रैल 2024 को शनि मंदिर के पास अंजड़ के सामने मोटरयान दुर्घटना में घायल होने पर अरविंद पिता कमल निवासी राजपुर को हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 अंतर्गत 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

# पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई, सुनी समस्याएं

**बड़वानी, ( नवभारत )।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई हुई। एसपी जगदीश डावर ( भापुसे ) ने आम नागरिकों की समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

एसपी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान वैधानिक प्रक्रिया के तहत अधिकतम 7 दिनों में किया जाए। साथ ही उन्होंने पिछली जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एसपी डावर ने कहा कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। जिससे आमजनों का प्रशासनिक व्यवस्था में विश्वास बना रहे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जनसुनवाई प्रक्रिया को नियमित रूप से जारी रखा जाएगा, जिससे लोगों को न्याय और राहत समय पर मिल सके। इस दौरान शिकायत शाखा प्रभारी निरीक्षक रमेश प्रसाद तिवारी व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



# विद्यार्थियों को दिया नि :शुल्क योग प्रशिक्षण

**बड़वानी, ( नवभारत )।** योग गुरु कृष्ण कांत सोनी द्वारा स्कूली बच्चों को नि:शुल्क योग के गुर सिखाए गए। इस दौरान योग गुरु ने बताया कि वर्तमान समय में ज्यादा मीठा बोलकर धोखा देने वाली शक्तियां एवं व्यक्ति ज्यादा सक्रिय हैं। विद्यार्थी इनसे दूर रहे। मोबाइल, कम्प्यूटर, प्रदूषण आदि के कारण सभी लोगों को आंखों में तनाव, आंखों में जलन, आंखों से पानी बहाना, चश्मा लगना आदि समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। योग गुरु ने विद्यार्थियों को व्रजासन, शशांक आसन, हलासन ताड़ासन ध्यान का प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया। योग गुरु ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन तनावपूर्ण रहता है। मानसिक संतुलन बना रहे इसके लिए प्रतिदिन योग प्राणायाम का अभ्यास करें, तभी रोगों एवं लोगों से बच सकते हैं। इस अवसर पर सेवा निवृत्त पुलिस कर्मी अमृत महाल भी उपस्थित थे।



**एक नजर में**

### गुरूपूर्णिमा पखवाड़े अंतर्गत हुई बैठक, साहित्यिक आयोजन में गूंजे काव्य, भजन और व्यंग्य

# हिन्दी–निमाड़ी के कवियों ने बांधा समां

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 09 जुलाई.** लोककला, संस्कृति, संगीत और साहित्य को समर्पित अग्रणी संस्था अखिल निमाड़ लोक परिषद एवं साहित्य परिषद जिला इकाई के तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा पखवाड़े अंतर्गत बैठक सह काव्यगोष्ठी का आयोजन स्काउट कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस साहित्यिक आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रबोध मिश्र हितैषी ने की। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में साहित्यकार प्रमोद त्रिवेदी पुष्प तथा विशेष अतिथि के रूप में जिला संगठन आयुक्त गणेश श्रीवास्तव उपस्थित थे।




कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पुजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद कवि सुरेश व्यास मकरंद ने अपनी मधुर वाणी में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षक रमेश चंद्र सराफ ने गुरुवंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

वहीं राजपुर के साहित्यकार प्रमोद त्रिवेदी पुष्प, सुरेश व्यास, डॉ निशिकांत गुप्ता, डॉ अपूर्व शुक्ल, प्रबोध मिश्र शिहतैषी, एसएल गंभीर, युवा रचनाकार गौरव ओचानी, प्रवीण पुरोहित, संजय गुप्ता, आरआर प्रिंस ने प्रभावशाली रचनाएं सुनाकर युवा पीढ़ी की सशक्त साहित्यिक उपस्थिति दर्ज कराई।

कवयित्रियों निशा उपाध्याय, जीवनलता शर्मा, हेमलता गोठवाल एवं शोभा सोनी ने भावपूर्ण भजन व गीतों से श्रोताओं को भावविभोर किया।

सचिव रघुवीर सोलंकी ने अनिलोप संस्था के सदस्यता अभियान को गति देने एवं महिला इकाई के गठन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन विवेक श्रोतिय एवं प्रवीण पुरोहित ने किया। वहीं आभार कवयित्री शोभा सोनी ने माना।

### आयोजना की घोषणा

जिला संयोजक राजीव वर्मा ने शीघ्र ही सेंधवा, बड़वानी व राजपुर के कवियों का एक वृहद हिंदी–निमाड़ी कवि समागम आयोजित करने की घोषणा की।

# श्रावण मास में यात्रियों की सुरक्षा पर फोकस

### रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में जीआरपी का सघन चेकिंग अभियान

- ई–रक्षक ऐप से 250 संदिग्धों की डिजिटल स्कैनिंग
- स्टेशनों पर हाई अलर्ट मोड



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. श्रावण मास के दौरान रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ और संभावित असामाजिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए जीआरपी पुलिस अधिकारियों ने प्रदेशभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया. इंदौर समेत 15 से अधिक प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर जीआरपी व आरपीएफ की संयुक्त टीमें अलर्ट मोड में रहीं.**

यह अभियान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेल रवि कुमार गुप्ता और पुलिस उप महानिरीक्षक रेल मोनिका शुक्ला के मार्गदर्शन में, पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर संतोष कौरी के आदेशा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा पाठक सोनी और उप पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर ज्योति शर्मा के निर्देशन में संचालित किया. इस दौरान स्टेशन परिसर, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, पार्सल ऑफिस, सर्कुलेटिंग एरिया और पार्किंग स्थलों पर संदिग्धों की गहन पूछताछ. इस दौरान बिना टिकट घूम रहे व्यक्तियों और रात में स्टेशन पर सोने वालों पर विशेष निगरानी भी की. वहीं ई–रक्षक ऐप के माध्यम से 250 से अधिक संदिग्धों की डिजिटल फेस डिटेक्शन तकनीक से आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की. निरीक्षण के दौरान आउटर से प्लेटफॉर्म और ट्रेनों के भीतर तलाशी अभियान चलाकर यात्रियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया. इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान रेलवे क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने और यात्रियों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है. इस दौरान जीआरपी अधिकारियों ने यह संदेश भी दिया कि रेलवे परिसरों में असामाजिक तत्वों के लिए कोई जगह नहीं है. वहीं रेलवे यात्रियों से अपील की गई है कि यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर आए, तो वे चुप न रहें और तत्काल जीआरपी को सूचना दें. आने वाले दिनों में भी इसी तरह के चेकिंग अभियान लगातार चलाए जाएंगे.

### कहां–कहां हुई, चेकिंग

अभियान के तहत इंदौर, उज्जैन, रतलाम, मेघनगर, शामगढ़, नीमच, ब्यावरा, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, डॉ. अंबेडकरनगर, देवास, मक्सी, शाजापुर, नागदा और फतेहाबाद रेलवे स्टेशनों पर सघन जांच की गई.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

### धार से इंदौर आ रहे थे मजदूरी के लिए



**इंदौर.** मजदूरी के लिए इंदौर आ रहे धार जिले के तिरला निवासी रायसिंह हटेला की सड़क हादसे में मौत हो गई. हादसा बेटमा थाना क्षेत्र में उस वक्त हुआ जब किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी. गंभीर रूप से घायल रायसिंह की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने पर बेटमा पुलिस घटनास्थल पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया गया. मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है. वहीं, मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी है.

## बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**इंदौर.** तेजाजीनगर थाना क्षेत्र के कैलोद करताल में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान 50 वर्षीय गब्बू नायक के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को एमवाय अस्पताल भेजा. मामले में तेजाजीनगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है और परिजन व आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी है. जिससे आत्महत्या के कारण स्पष्ट हो सके हैं. मृतक के मोबाइल फोन, पारिवारिक परिस्थितियों और मानसिक स्थिति की भी पड़ताल कर रही है.

# 3 क्विंटल गौ–मास की तस्करी करते हुए 1 आरोपी धराया

*बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मिली थी मूखबिर से सूचना*





महू. महू के पिगडम्बर स्थित वेटनरी कॉलेज के पास से सोमवार सुबह गोमांस तस्करी का मामला सामने आया. बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मुखबिर की सूचना पर एक स्विफ्ट कार का पीछा कर उसे पानदा रोड पर रोका. कार में से एक आरोपी भागने में सफल रहा, जबकि दूसरे को कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया. कार से लगभग 3 क्विंटल गोमांस बरामद हुआ. सूचना मिलते ही किशनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन के साथ गोमांस को जब्त कर लिया.

थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया कि इस मामले में इमरान खटखट और मोहम्मद आसिम के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. आरोपी इमरान बंडा बस्ती का रहने वाला है. उस पर पहले से कई मामले दर्ज हैं. पुलिस उस पर दो बार रासुका की कार्रवाई भी कर चुकी है. क्षेत्र में गोमांस तस्करी का अवैध कारोबार लगातार चल रहा है. पुलिस प्रशासन की कार्रवाई के बावजूद यह धंधा रुक नहीं रहा है. आरोपी इमरान भी पूर्व की कार्रवाई से सबक नहीं सीख रहा है और अवैध गतिविधियों में लिप्त है.

# ब्रांडेड तंबाकू की कॉपी कर बेच रहे थे नकली माल

- नकली तंबाकू की सप्लाई करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. शहर में एक बार फिर ब्रांडेड तंबाकू कंपनी की हूबहू पैकिंग कर नकली तंबाकू बेचने का मामला सामने आया है. कनाड़िया पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ कॉपीराइट और ट्रेडमार्क उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है. आरोपियों से डेढ़ लाख रुपए से अधिक की नकली तंबाकू और एक इलेक्ट्रिक लोडिंग वाहन जब्त किया है.**

फरियादी राहुल कुमार अग्रवाल निवासी हरदा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी कंपनी के ब्रांड कमलकिशोर तंबाकू की हूबहू नकली पैकिंग कर बाजार में माल बेचा जा रहा है. इस पर कार्रवाई करते हुए कनाड़िया पुलिस ने बायपास से एक इलेक्ट्रिक लोडिंग रिक्शा नम्बर एमपी 09 डीएम 1081 पकड़ा, जिसमें संजय मीणा निवासी खातेगांव नकली तंबाकू की खेप लेकर जा रहा था. पूछताछ में संजय ने बताया कि यह माल वह आकाश अग्रवाल निवासी नंदानगर, इंदौर से लेकर आया था. दोनों आरोपी ब्रांडेड तंबाकू की डुप्लीकेट पैकिंग तैयार कर उसे बाजार में खपाकर अवैध मुनाफा कमा रहे थे. प्रारंभिक जांच में करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत के नकली तंबाकू पाउच जब्त किए गए हैं. पुलिस ने संजय मीणा और आकाश अग्रवाल के खिलाफ कॉपीराइट और ट्रेडमार्क उल्लंघन की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

मामले में और भी लोगों की

# उधार देकर करते थे कई गुना वसूली

- थार जीप पर हमला करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. शनिवार रात प्रेस्टीज कॉलेज स्कीम 74 के बाहर थार जीप में सवार युवकों पर हुए हमले और तोड़ फोड़ के मामले में विजयनगर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी मनी लॉन्ड्रिंग और सूद पर पैसे चलाकर मोटा मुनाफ़ा कमाने वाले गिरोह से जुड़े हैं, जिनकी गतिविधियाँ अब अलग–अलग जिलों तक फैल चुकी हैं.**

एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना शनिवार पांच जुलाई देर रात की है, 21 वर्षीय फरियादी निखिल राजपूत अपने साथियों के साथ थार नम्बर एमपी 07 जेडएच 0205 से प्रेस्टीज कॉलेज पहुँचा ही था कि एक कार में सवार चार बदमाशों ने रास्ता रोककर मारपीट शुरू कर दी. लाठी डंडों से हमले के दौरान जीप के काँच चटक गए और बॉडी पर कई डेंट पड़े. घायल युवकों को मौके पर पहुँची विजयनगर पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया. थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल की टीम ने कुछ ही घंटों में सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और चश्मदीद बयानों के आधार पर चारों हमलावरों को चिन्हित कर दबिश दी. मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरु की, जिसमें पालदा में रहने वाला 25 वर्षीय यशवंत सिंह पिता दिलीप सिंह के साथ दुर्गानगर में रहने वाले 24 वर्षीय कृतिक पिता राकेश सिसौदिया तथा शिवपुरी के ओडेरा में रहने वाला 36 वर्षीय अरविंद यादव पिता हिम्मत सिंह जो कुछ दिनों से इंदौर के अभिषेक नगर में रह रहा था, के साथ एनएक्स सन्नल नगर खंडवा नाका इंदौर में रहने वाले 24 वर्षीय हरप्रीत सिंह सोहन को गिरफ्तार किया है. आरोपियों की निशानदेही पर विजयनगर और भंवरकुआँ इलाकों में रहने वाले गिरोह के अन्य सदस्यों को भी चिह्नित कर उनके नेटवर्क, बैंक खातों और संपत्तियों की जाँच के लिए अलग टीम गठित की गई है. पुलिस आयुक्त के निर्देश पर जल्द ही आर्थिक अपराध इकाई और आयकर विभाग से समन्वय कर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.



### मोबाइल में मिला संदिग्ध लेनदेन

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की पूछताछ में सामने आया कि चारों आरोपी पढ़ाई, नौकरी का बहाना बनाकर इंदौर में रह रहे थे और आसपास के जिलों से आए लोगों को ऊँचे ब्याज पर नकद उधार देकर कई गुना वसूली करते थे. पुलिस को उनके मोबाइल से संदिग्ध लेन देन और डिजिटल वॉलेट ट्रांसफ़र से जुड़ी जानकारियाँ मिली हैं, जिन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से खंगाला जा रहा है.